


# बाबा बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम में शामिल हुए सिंधिया

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 नवम्बर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया आज बृहस्पतिवार को शिवपुरी में

**सिंधिया के मुरीद हुए बाबा बागेश्वर, जमकर की केंद्रीय मंत्री की जनसेवा कार्यप्रणाली की प्रशंसा**

आयोजित बाबा बागेश्वर धाम सरकार, धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के आध्यात्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर धीरेंद्र शास्त्री ने केंद्रीय मंत्री की स्थानीय जनता की जनसेवा की जमकर तारीफ़ की। साथ ही




उन्होंने सिंधिया से आग्रह किया कि शिवपुरी में भगवान शिव की 108 फुट की मूर्ति स्थापित की जाये जिस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे अतिशीघ्र ही प्रतिमा लगवायेंगे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और वातावरण में व्याप्त आध्यात्मिक ऊर्जा ने इसे क्षेत्र का एक प्रमुख आयोजन बना दिया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर उन्होंने संतङ्कसमाज, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों का अभिवादन किया। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की मूल शक्ति हमारे संत, ऋषिङ्कमहापुरुष और आध्यात्मिक परंपराएँ हैं, जो समाज को सतत प्रेरणा और नैतिक मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।

**शिवपुरी में लगे भगवान शिव की 108 फुट की प्रतिमा: बाबा बागेश्वर :** कार्यक्रम के दौरान बाबा बागेश्वर ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि शिवपुरी में महादेव की 108 फुट की प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए जो कि इस क्षेत्र को एक अनूठी पहचान देगी। इस पर केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र अतिशीघ्र क्षेत्र में भगवान शिव की भव्य मूर्ति स्थापित करने की जाएगी और शिवपुरी को भारत के मानचित्र पर एक नई पहचान दी जाएगी।

**सिंधिया की कार्यशैली के मुरीद हुए बाबा बागेश्वर :** गौरतलब है कि बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र से जब भी कोई नागरिक इलाज या सरकारी कार्य जैसे किसी भी कार्य से उम्मीदें लेकर सिंधिया के पास दिल्ली जाता है तो केंद्रीय मंत्री हर संभव मदद सुनिश्चित करते हैं। यह कार्यप्रणाली और जनसेवा का भाव सिंधिया के पूरे क्षेत्र के अपनापन के भाव से आता है।

**भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की संवाहक परंपरा को आगे बढ़ा रहे धीरेन्द्र शास्त्री : सिंधिया**

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम सरकार, श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा राष्ट्र, समाज और युवा पीढ़ी में आध्यात्मिक जागृति, अध्यात्म के माध्यम से सकारात्मक सोच और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। सिंधिया ने इसे समाज को जोड़ने वाला, प्रेरणा देने वाला और भारतीय आध्यात्मिक धरोहर की संवाहक परंपरा को आगे बढ़ाने वाला कार्यक्रम बताया।

## कृभको यूरिया रैक से जिले को 1800 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त

**शिवपुरी, 27 नवम्बर।** कृभको कंपनी का यूरिया की रैक गत दिवस को शिवपुरी रैक प्वाइंट पर लगने से जिले को 1800 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। प्राप्त यूरिया का आवंटन विभिन्न संस्थाओं को किया गया है, जिसमें 6 डबल लॉक गोदामों को 700 मैट्रिक टन, 3 मार्केटिंग सोसायटियों को 300 मैट्रिक टन, एमपी एग्रो शिवपुरी को 100 मी. टन तथा निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं को 700 मैट्रिक टन यूरिया दिया गया है। जिले के डबल लॉक गोदामों में मार्कफेड शिवपुरी को 125 मी. टन, मार्कफेड कोलारस को 100 मी. टन, करैरा को 100 मी. टन, पिछोर को 225 मी. टन, बदरवास को 75 मी. टन तथा पोहरी को 75 मी. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। विपणन सहकारी संस्थाओं में खनियाधाना को 175 मी. टन, बैराढ़ को 50 मी. टन एवं नरवर को 75 मी. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं में गेडा एसोसिएट करैरा को 147.75 मै.टन, पाठक ट्रेडर्स पिछोर को 25 मै.टन, आलोक खाद भण्डार खोड को 85 मै.टन, बबलू ट्रेडिंग कंपनी भौंती को 50 मै.टन, राय कृषि सेवा के-?द्र रन्नौद को 25 मै.टन, छाजेढ बंधु शिवपुरी को 35 मै.टन, सिद्ध ट्रेडर्स अचरौनी खनियाधाना को 25 मै.टन, दिव्या कृषि सेवा केन्द्र पोहरी को 7 मै.टन, बालाजी ट्रेडर्स दिनारा को 25 मै.टन, अजय पटेल ट्रेडर्स पिछोर को 9 मै.टन, रामसेवक सीताराम गेडा करैरा को 2.500 मै.टन, जनता एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 10 मै.टन, श्याम ट्रेडर्स दिनारा 10 मै.टन, शिवन्या ट्रेडर्स करैरा को 10 मै.टन, महादेव कृषि सेवा केन्द्र नरवर को 10 मै.टन, निर्जला कृषि सेवा केन्द्र करैरा को 150 बेग, शिव ट्रेडर्स करैरा को 150 बेग, आस्था खाद भण्डार शिवपुरी को 100 बेग उपलब्ध हुआ है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए बीएलओ अनंत सिंह



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 नवम्बर।** नगर परिषद रन्नौद में आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भाग संख्या 184 नेगम में 100 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बीएलओ अनंत सिंह जाट को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माननीय अध्यक्षा राजकुमारी जमना प्रसाद, तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु कुमार भदकारिया द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीर प्रताप सिंह चौहान, सुपरवाइजर नगरीय क्षेत्र रन्नौद, भी उपस्थित रहे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु कुमार ने कहा पुनरीक्षण कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण है। अनंत सिंह जाट द्वारा 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर उत्कृष्ट कार्य किया गया है, जो अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। नगर परिषद सूत्रों ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान में समयसीमा के भीतर पूर्णता दर्ज होने पर यह सम्मान प्रदान किया गया है।

## महिलाओं में कैंसर के लक्षण मिलना, जागरूकता का अभाव है : डॉ . अग्रवाल

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 नवम्बर।** सेवाभावी संस्था तथागत फाउंडेशन और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज शिवपुरी के सहयोग से बुधवार को शहर के गायत्री हेल्थ पार्क में निशुल्क कैंसर निदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 17 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीति अग्रवाल द्वारा किया गया जबकि सहयोग सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सक



सर्जन डॉ. पी.के. खरे ने दिया। इस दौरान कुछ महिलाओं को उनकी मैमोग्राफी रिपोर्ट भी प्रदान की गई जो पूर्व में आयोजित विशाल कैंप में जांच के लिए आई थीं। संस्था अध्यक्ष आलोक एम. इंदौरिया एवं डॉ. पी.के. खरे ने अपील की है कि जिन महिलाओं ने मैमोग्राफी जांच करवाई थी, वे अपनी रिपोर्ट शीघ्र डॉ. खरे से प्राप्त कर लें।

कैंप में पेप्सी मेयर, एफएनएसी, पंच बायोप्सी, इंप्रिंट साइटोलॉजी जैसी जांचों की निशुल्क सुविधा मातृशक्ति को उपलब्ध कराई गई। परीक्षण में 1 मरीज पेरोटिड डिलेवरी ग्लैंड, 3 संदेहात्मक, 2 प्री कैंसर और 10 अन्य मरीज पाए गए। डॉ. नीति अग्रवाल ने कहा कि विशेषकर महिलाओं में कैंसर के लक्षण मिलना चिंताजनक है, जिसका मुख्य कारण जागरूकता का अभाव है। कार्यक्रम में तथागत फाउंडेशन के अध्यक्ष आलोक एम. इंदौरिया, संस्था सचिव श्रीमती पुष्पा खरे, श्वेता गंगवाल, मथुरा प्रसाद गुप्ता, राहुल गंगवाल, एच.एस. चौहान सहित गायत्री परिवार एवं फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने महिलाओं में कैंसर जागरूकता व निदान के क्षेत्र में निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## विसर्जन जुलूस पर पथराव प्रकरण का खुलासा

**आमला।** काली जी विसर्जन जुलूस में हुए पथराव की घटना का आमला पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन के निर्देशन में की गई जांच में पता चला कि घटना किसी साम्प्रदायिक कारण से नहीं बल्कि दो नाबालिग स्कूली छात्रों के आपसी झगड़े के कारण हुई थी। बता दे कि 1 नवंबर को काली जी के जुलूस के दौरान पीरमंजिल तिराहे पर हुए पथराव में प्रफुल्ल तोमर घायल हुए थे। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस जांच में सामने आया कि 14 वर्ष आयु के दो छात्रों के बीच हुई कहासुनी के दौरान उन्होंने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके, जिनमें से एक पत्थर प्रफुल्ल तोमर को लग गया। दोनों नाबालिगों ने घटना स्वीकार कर ली है और उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## लाइनमैन की मनमानी : बिजली की समस्या से ग्रामीण त्रस्त



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 27 नवम्बर।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र के भैसरावन के

**सुपरवाइजर बोला तुम पूर्व विधायक प्रहलाद भारती के समय बच गए, अब तैयार रहो**

सैकड़ों ग्रामीण बुधवार को पोहरी एसडीएम कार्यालय और बिजली विभाग में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाइनमैन गजेंद्र ओझा पर अभद्रता, गाली-गलौज और बिजली आपूर्ति में मनमानी करने के आरोप लगाए।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उन पर कार्रवाई नहीं की गई, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने सुपरवाइजर रविकांत चौहान से फोन पर बात की तो उन्होंने किसानों को ही फटकार लगाते हुए धमकाया। ग्रामीणों का दावा है कि सुपरवाइजर ने कहा तुम लोग प्रहलाद भारती के समय बच गए थे, अब कार्रवाई के लिए तैयार रहो। इस बयान ने ग्रामीणों में और अधिक आक्रोश पैदा कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सुपरवाइजर रविकांत चौहान ने उन्हें रपू चक्कर और कार्यालय बुलाया। लेकिन ग्रामीणों के घंटों इंतजार करने के बावजूद वे मौके पर नहीं आए।

मजबूर होकर ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना साबित करती है कि विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे।

**विधायक कैलाश कुशवाह पर ग्रामीणों की नाराजगी ग्रामीण बोले पोहरी क्षेत्र से बेखबर**

ग्रामीणों ने कहा कि पोहरी की जनता बिजली संकट और कर्मचारियों की मनमानी से त्रस्त है, जबकि विधायक कैलाश कुशवाह शिवपुरी में स्मार्ट मीटर को लेकर राजनीति चमका रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार फोन लगाने के बावजूद विधायक का फोन तक नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में गंभीर समस्या होने के बावजूद विधायक का ध्यान यहां नहीं है। पोहरी क्षेत्र की जनता परेशान होती रहे विधायक को कोई लेना देना नही है।

## एसपी ने किया थाना प्रभारियों की पदस्थापना में फेरबदल

**बैतूल।** जिला पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से थाना प्रभारियों की पदस्थापना में अस्थाई रूप से फेरबदल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमला थाने में पदस्थ निरीक्षक राजेश सातनकर को भैंसदेही थाना, शाहपुर थाने के निरीक्षक मुकेश ठाकुर को आमला थाना, रक्षित केन्द्र बैतूल से निरीक्षक देवकरण डेहरिया को शाहपुर थाना और निरीक्षक सरविंद धुर्वे को भैंसदेही थाने से रक्षित केन्द्र बैतूल स्थानांततिर किया है। आदेश में निरीक्षकों को तत्काल नवीन पदस्थापना पर आमद दिये जाने के निर्देश भी जारी किये है।


IDBI BANK **सार्वजनिक सूचना**

सीआईएन: L65190MH2004GOI148838

**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, आईडीबीआई टॉवर, डबल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई – 400005**

हम सूचित करना चाहते हैं कि दिनांक 31 मार्च 2025 तक बचत एवं चालू खातों में जिनमें शून्य शेष हैं और 2 वर्षों से अधिक समय से कोई ग्राहक प्रेरित लेनदेन नहीं किए गए हैं उन खातों को बैंक द्वारा निष्क्रिय खाते के रूप में वर्गीकृत किया गया है. ऐसे ग्राहकों को इसकी सूचना पहले ही दी जा चुकी है.

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से ऐसे सभी खाता धारकों से पुनः अनुरोध किया जाता है कि वे खाते को पुनः सक्रिय करने के उद्देश्य से अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) वैध दस्तावेजों के साथ इस सूचना के प्रकाशित होने के सात (7) दिनों के भीतर बैंक की नजदीकी शाखा से संपर्क करें.

यदि ग्राहक उक्त समय अवधि के भीतर खाते को पुनः सक्रिय करने में विफल होता है तो बैंक द्वारा आगे बिना किसी सूचना के खाता बंद कर दिया जाएगा. बैंक किसी भी खाते के बंद होने के कारण होने वाली किसी प्रकार की हानि, सेवाओं में बाधा आदि के अनुसरण में किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा.

ह/-
दिनांक: २८/११/२०२५ मुख्य महाप्रबंधक
स्थान: मुंबई आईडीबीआई बैंक लिमिटेड


### एक नजर में

**बोधगया में बैतूल की टीम देगी नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं**

**बैतूल।** पवित्र बौद्धधर्म नगरी बोधगया में 2 से 12 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहे 20वें इंटरनेशनल त्रिपिटक चैटिंग समारोह में देश-विदेश से बड़ी संख्या में भिक्षु और बौद्ध श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी अवसर पर बैतूल की आदिम कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए 2 दिसंबर से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए नि:शुल्क मेडिकल एवं होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर शुरू करने जा रही है।

**सांसद खेल महोत्सव जिपं अध्यक्ष ने किया शुभारंभ**

**मुलताई।** नगर मे गुरुवार को मिनी स्टेडियम, बेडमिंटन हाल एवं कोरोला स्कूल के खेल मैदान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे करीब 500 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वेनर तले आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ मिनी स्टेडियम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर, पार्षद महेंद्र जैन, डॉ . जीए बारस्कर, शिल्पा शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने किया। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षको के बीच रस्सा कशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को टीम विजयी रही।नगर के बैडमिंटन हाल में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त खो खो, कबड्डी, एथलेटिक्स,लम्बी कूद,पिट्ठू,रस्सा कशी प्रतियोगिता का आयोजन कोरोला स्कूल एवं मिनी स्टेडियम में किया गया। खेलो में 500 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपने हुनर दिखाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजन में खेल शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**भाजपा पार्षदो की पूछपरख हुई कम, खोल सकते है मोर्चा**

**सारनी।** भाजपा शासित होने के बाद भी भाजपा पार्षदो की पूछपरख कम होने से पार्षदो मे नाराजगी पनपने लगी है। नपा मे भाजपा पार्षदो की सुनवाई नहीं होने पर नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ के खिलाफ मोर्चा तैयार हो रहा है। भाजपा पार्षदो की नाराजगी दूर करने के लिए भाजपा विधायक योगेश पंडागरे ने सभी भाजपा पार्षदो की बैठक अपर रेस्ट हाउस सारनी में आयोजित की है। पार्षदो ने बताया कि नपा मे भाजपा का अध्यक्ष होने के बाद भी वार्डो में निर्माण कार्य नहीं हो रहे है। सीएमओ एवं पालिका के अधिकारी कर्मचारी पार्षदो की कोई सुनवाई नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि दो से तीन साल बीत जाने के बाद भी वार्डो में काम नहीं होने से जनता पार्षद से नाराज है। अधिकारी सामग्री सप्लाई एवं आफ लाइन के जरिये एक लाख के आसपास की फाइले धड़ल्ले से अपने खास लोगो को बांट रहे है। निर्माण कार्य के टेंडर लगाने के लिए अधिकारी एवं इंजीनियर चक्कर लगाने पड़ते है। निर्माण कार्य के टेंडर नहीं लग रहे है। भाजपा पार्षद जल आवर्धन की राशि कम करने एवं निर्माण में गति लाने के लिए चर्चा करेंगे।

## अपहृत नाबालिग आगरा से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 नवम्बर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में तथा

**रन्नौद थाना पुलिस की सराहनीय कार्यवाही**

एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना रन्नौद पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 188/25 में अपहृत नाबालिग बालिका को उत्तर प्रदेश के आगरा से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी रन्नौद अरविन्द सिंह चौहान द्वारा टीम गठित कर



चलाए गए अभियान के तहत दिनांक 25 नवम्बर 2025 को ग्राम सेसई निवासी 17 वर्ष 08 माह की नाबालिग बालिका के लापता होने की सूचना पर कार्यवाही की गई। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बालिका को 26 नवम्बर 2025 को आगरा जिले के थाना सदर क्षेत्र इदगाह बस स्टैण्ड के पास से दस्तयाब किया। जांच के दौरान बालिका के कथन लिये गए, जिसमें उसने बताया कि अर्जुन आदिवासी ने शादी का झांसा देकर उसे भगाया और पति-पत्नी के रूप में रखा। इस आधार पर मामले में धारा 64(2) भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) एवं पोस्को एक्ट की धारा 5(एल)/6 के तहत धाराओं में वृद्धि की गई। आज दिनांक 27 नवम्बर 2025 को आरोपी अर्जुन आदिवासी पुत्र अर्जुन आदिवासी उम्र 18 वर्ष निवासी सेसई थाना रन्नौद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रन्नौद अरविन्द सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक 934 जगेश सिंह सिकरवार, आरक्षक 886 सिद्धनाथ गौड़, आरक्षक 966 अवधेश शर्मा, आरक्षक 814 महेश, महिला आरक्षक 457 कृष्णा पाल एवं आरक्षक 524 गौरीश ओझा की भूमिका सराहनीय रही।


**म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमि.**
**पंजीकृत कार्यालय: ब्लॉक नं.-1, तृतीय तल, पर्यावास भवन, भोपाल-462011, CIN-U15411MP1974 SGC 001268**
**Procurement Control Room No. - 0755-2677847**
**वेबसाइट : www.mpscsc.nic.in, ई-मेल : mpscsc@bsnl.in**
**क्रमांक/वितरण/869256/2025-26/531 भोपाल, दिनांक 27.11.2025**

**क्षतिग्रस्त स्कंध के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्पोरेशन द्वारा म.प्र. के विभिन्न जिलों में भंडारित विभिन्न श्रेणी के क्षतिग्रस्त स्कंध जो ''जैसा है जहां है'' के आधार पर विक्रय हेतु भारतीय खाद्य निगम में पंजीकृत पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन निविदायें ई-निविदा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 20.12.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण **https://mptenders.gov.in** एवं **https://www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002 पर संपर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123229/2025 **प्रबंध संचालक**


## बेटे ने मामूली विवाद पर माँ के सिर पर पटका सिलबट्टा, मौत

**बैतूल।** आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम डूडर में एक बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपनी मां की सिलबट्टा पटककर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार शाम की है।

आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर घर में रखे पत्थर के सिलबट्टे से मां पर कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम डूडर निवासी मंगेबाई उइके अपने बेटे दिलीप उइके (35) के साथ घर में थीं। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में दिलीप ने पहले मां को धक्का दिया और फिर घर में रखा सिलबट्टा उठाकर उन पर कई बार वार किया। गंभीर चोटों के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बेटा फरार हो गया। कुछ देर बाद जब रिश्तेदार युवराज इवने घर पहुंचे, तो उन्होंने मंगेबाई को खून से लथपथ पड़ा देखा। सूचना मिलते ही आठनेर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया था।

## बीएलओ, सुपरवाईजरों और सहायक स्टॉफ का किया सम्मान

**सारनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मध्यप्रदेश सहित देश के 12 राज्यों में एसआईआर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। गणना पत्रकों के एकत्रीकरण एवं डिजीटलाईजेशन में आमला विधानसभा क्षेत्र 130 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बड़ोनिया ने सारनी में सभी बीएलओ, सुपरवाइजरों एवं सहायक स्टॉफ का सम्मान किया।

नगर पालिका क्षेत्र में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सूर्यवंशी, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बड़ोनिया के निर्देशन में किया जा रहा है। एसआईआर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 130 आमला अंतर्गत नगर पालिका सभाकक्ष में सभी 97 मतदान केंद्रों से एकत्रित किए गए गणना पत्रकों का डिजीटलाईजेशन में आमला वि.स. क्षेत्र प्रथम स्थान पर रहा। इस उपलब्धि पर बीएलओ सम्मान समारोह स्थानीय मंगल भवन सारनी में आयोजित किया गया।


**IRCLASS**
**SYSTEMS AND SOLUTIONS PRIVATE LIMITED**

**हम तृतीय-पक्ष निरीक्षण सेवाओं और परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) में अग्रणी हैं और तेल एवं गैस, भवन निर्माण एवं अवसंरचना, बिजली, नवीनीकरण योग्य ऊर्जा, प्रक्रिया, पारेषण एवं वितरण, बंदरगाह एवं सामग्री प्रबंधन, एयरोस्पेस और रक्षा सहित विभिन्न उद्योगों को अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं.**

हम अपनी विभिन्न परियोजनाओं और प्रभागों के लिए निम्नुसार निम्नलिखित कर्मियों की भर्ती करना चाहते हैं :

**भवन निर्माण एवं अवसंरचना**

| पद | शिक्षा/अनुभव | स्थान |
|---|---|---|
| ऑपरेशंस इंजीनियर - सिविल एनडीटी | बीई/बी.टेक सिविल - सिविल एनडीटी (स्ट्रक्चरल ऑडिट, यूपीवी, रिबाउंड हैमर) में न्यूनतम 5 वर्ष | भोपाल |
| सीएनडीटी तकनीशियन - सिविल एनडीटी | आईटीआई/12वीं पास - सिविल एनडीटी (ऑडिट, यूपीवी, रिबाउंड हैमर) में 3-5 वर्ष | |

**पात्रता :**
**एनडीटी भूमिकाएँ** : प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता के साथ सिविल एनडीटी (स्ट्रक्चरल ऑडिट, यूपीवी, रिबाउंड हैमर) में व्यावहारिक अनुभव

**कृपया अपना बायोडाटा careers@irclass.org पर भेजें**